# इंदिरा जयसिंह के बहाने आप पर निशाना

## आप के इशारे पर निर्भया के गुनहगारों को बचाने की साजिश रची जा रही : भाजपा

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली :** निर्भया के दोषियों की फांसी टलने को लेकर सियासत थमने का नाम नहीं ले रही है। फांसी में हो रही देरी के लिए भाजपा आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को जिम्मेदार ठहराती रही है। वहीं, अब वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह के माफी वाले बयान को लेकर भी भाजपा नेताओं ने आप और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि आप के इशारे पर इस तरह के बयान देकर दोषी को फांसी से बचाने की साजिश की जा रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री को माफी मांगनी चाहिए।

**राजनीति**

- मनोज तिवारी ने कहा, जेल विभाग दिल्ली सरकार के पास
- पूछा, स्वाति जयहिंद इस वकील के बयान पर अनशन क्यों नहीं कर रहीं

भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री सरोज पांडेय ने कहा कि पीड़िता के परिजनों के साथ ही पूरा देश दरिंदों को कड़ी सजा दिए जाने की अपेक्षा रखती है। जब दोषियों को फांसी की सजा होने वाली है तब उसे बचाने के लिए तमाम कानूनी दांव पेच अपनाए जा रहे हैं। इंदिरा जयसिंह पीड़िता की माता से दोषियों को क्षमा करने की अपील कर रही हैं। वह कानूनी दांव पेच जानने के साथ एक महिला भी हैं। उन्हें महिला का दर्द समझना चाहिए था। उनका इतिहास और आप के साथ संबंध जगजाहिर है। वह पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रही थीं।

दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि इस तरह के असंवेदनशील बयान से पूरा देश स्तब्ध है। वसंत विहार सामूहिक दुष्कर्म के दोषियों को वर्ष 2017 में फांसी की सजा सुनाई गई थी। लगभग ढाई वर्षों तक दिल्ली सरकार ने जेल विभाग के माध्यम से गुनहगारों को इसकी जानकारी नहीं दी। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री बयान देते हैं कि उनके पास पुलिस नहीं है इसलिए वह ऐसा नहीं कर सकते थे, जबकि सच्चाई यह है कि जेल विभाग दिल्ली सरकार के पास है। एक साजिश के तहत गुनहगारों को सजा की जानकारी नहीं दी गई है जिससे कि उन्हें फांसी होने से बचाया जा सके। यह सब एक रणनीति के तहत की गई है। दिल्ली की जनता आप को सबक सिखाएगी।

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शाजिया इल्मी ने कहा कि इंदिरा जय सिंह आप की नजदीकी हैं। कई मामलों में वह आप व अरविंद केजरीवाल के पक्ष में अदालत में पैरवी की हैं। दिल्ली सरकार व उपराज्यपाल के बीच अधिकार को लेकर कानूनी लड़ाई में भी वह दिल्ली सरकार की वकील थीं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरबिंद केजरीवाल को बताना चाहिए कि निर्भया के गुनहगारों के साथ खड़ी वकील को दिल्लीवासियों से वसूले गए टैक्स का कितना पैसा दिया गया है? दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति जयहिंद इस वकील के बयान पर अनशन क्यों नहीं कर रही हैं? उन्होंने कहा कि दो साल पहले दिल्ली सरकार ने उपराज्यपाल को जानकारी दिए बगैर जेल मैन्यूअल में बदलाव किया है। इससे स्पष्ट है कि जेल विभाग आप सरकार के पास है।

# पुलिस से बचने के लिए हर माह घर बदलने वाला लुटेरा गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली :** पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए हर माह घर व 15 दिन के अंतराल के बाद मोबाइल नंबर बदलने वाले कुख्यात लुटेरे को शनिवार रात संगम विहार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे व निशानदेही पर एक चोरी की स्कूटी व लूटे गए सात मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस उससे अन्य वारदात के बारे में पूछताछ कर रही है।

डीसीपी दक्षिणी अतुल कुमार ने बताया कि शनिवार रात संगम विहार थाने में तैनात हेड कांस्टेबल पंकज अन्य पुलिसकर्मियों के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक युवक को आते हुए देखा। उसे चेकिंग के लिए रोका तो उसने रुकने के बजाय स्कूटी तेज गति में दौड़ा दी। इसके पुलिस भी उसके पीछे बाइक दौड़ा दी। कुछ दूर आगे जाते पुलिसकर्मियों ने एमबी रोड पर उसे दबोच लिया। आरोपित की

**सफलता**

- 15 दिन के अंतराल के बाद मोबाइल नंबर भी बदल देता था
- संगम विहार पुलिस ने एमबी रोड से दबोचा, एक स्कूटी व सात मोबाइल बरामद

शिनाख्त संगम विहार में रहने वाले इमरान के रूप में हुई। वह कुख्यात वाहन चोर व लुटेरा है। उसके कब्जे से चोरी की स्कूटी व लूटे गए कई मोबाइल बरामद हुए हैं। उसने दिल्ली के विभिन्न इलाकों में वारदात को अंजाम दे चुका है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने 20 से ज्यादा आपराधिक मामलों में शामिल होने की बात कबूली है। उसने बताया कि पुलिस से बचने के लिए ही वह मकान व मोबाइल नंबर बदलता रहता था। इसी कारण पुलिस उसे काफी समय से पकड़ नहीं पा रही थी।

# किराना कारोबारी से पिस्टल के बल पर चार लाख की लूट

**जासं, दक्षिणी दिल्ली:** बदरपुर थाना क्षेत्र में किराना के थोक विक्रेता से चार लुटेरों ने पिस्टल के बल पर चार लाख रुपये लूट लिया। घटना रविवार रात करीब 9 बजे की है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दे दी है।

बदरपुर थाना क्षेत्र स्थित 60 फुटा रोड पर अशोक कुमार गुप्ता किराना की दुकान चलाते हैं। वे किराना के थोक विक्रेता हैं। रविवार रात 9 बजे बजे उनकी दुकान में चार युवक दाखिल हुए। युवकों ने कुछ सुने बिना अशोक कुमार गुप्ता की कनपटी पर पिस्टल तान दी और लूटपाट शुरू कर दी।










